RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार, 11 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 177 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


## जेल से रिहाई के बाद संजय राउत ने की उद्धव ठाकरे से मुलाकात



**मुंबईः** राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कथित धनशोधन मामले में जेल से रिहा होने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। उद्धव ठाकरे के बेटे और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने उपनगरीय बांद्रा में ठाकरे के निजी आवास 'मातोश्री' के बाहर राउत का अभिवादन किया।

इससे पहले दिन में संवाददाताओं से बात करते हुए राउत ने कहा, ''राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे उनकी जेल अवधि के दौरान परिवार के सदस्यों के साथ खड़े रहे।'' बुधवार शाम मुंबई की आर्थर रोड जेल से रिहा होने के बाद, राउत ने उद्धव ठाकरे से फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि उनकी आवाज भारी थी, जिससे उनके बीच भावनात्मक संवाद हुआ।

## राहुल गांधी को मिला NCP नेता सुप्रिया सुले का साथ...



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इस वक्त महाराष्ट्र राज्य से गुजर रही है. गुरुवार (10 नवंबर) को यात्रा के 64वें दिन एनसीपी नेता सुप्रिया सुले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ नांदेड़ में यात्रा में शामिल हुईं.

**भारत जोड़ो यात्रा में हुईं शामिल...**

इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार भी इस यात्रा में हिस्सा लेने वाले थे, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वे अब भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया कि शरद पवार जब अस्पताल में थे तो राहुल गांधी ने उनसे बातचीत की थी. पवार ने यात्रा में शामिल होने के लिए अपनी सहमति जताई थी. आराम करने की चिकित्सकों की सलाह के कारण वह यात्रा में भाग नहीं लेंगे. शरद पवार की बेटी और राकांपा की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया.

### तेलंगाना के बाद महाराष्ट्र पहुंची यात्रा

**भारत जोड़ो यात्रा ने सोमवार (7 नवंबर) रात को तेलंगाना के बाद महाराष्ट्र में प्रवेश किया था. महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले राहुल गांधी ने तेलंगाना के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में यात्रा पूरी की है. देश की जनता तक पहुंचने के प्रयास में कांग्रेस ये भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है. राहुल गांधी महाराष्ट्र की यात्रा के दौरान दो रैलियों को संबोधित करेंगे. पहली रैली नांदेड जिले में होगी और दूसरी रैली बुलढाणा जिले के शेगांव में 18 नवंबर को होगी.**

## महाराष्ट्र के रायगढ़ के पेन में नदी में विस्फोटक मिलने से हड़कंप



**मुंबई** : मुंबई से सटे रायगढ़ जिले में नदी के पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। शक है कि उसमें कुछ विस्फोटक या अन्य कोई ज्वलनशील पदार्थ हो सकता है। सूचना मिलते ही मौके पर रायगढ़ रढ सहित लोकल क्राइम ब्रांच और मुम्बई अळर की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। संदिग्ध वस्तु बम भी हो सकती है, इस आशंका को देखते हुए बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड भी मौके पर पहुंच गई है।

इससे पहले अगस्त माह में भी मुम्बई से सटे रायगढ़ जिले में समुद्री किनारे पर दो संदिग्ध नाव मिली थी। इस नाव से एके-47 रायफल समेत अन्य हथियार और कारतूस बरामद किए गए थे। बरामद नाव फिशिंग बोट थी, जो काफी देर से समुद्री किनारे पर हिचकोले खा रही थी। उस नाव पर कोई नहीं था। आसपास के मुछआरे जब नाव के पास पहुंचे तो उन्हें मामला संदिग्ध लगा और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी है। तब पुलिस ने कोस्टल इलाके में अलर्ट जारी कर दिया था।

रायगढ़ में समुद्री किनारे पर संदिग्घ बोट मिलने की घटना के बाद मुंबई और आसपास के इलाके को अलर्ट कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक बोट में तीन एके 47 रायफल और कुछ जिंदा कारतूस मिले। इस बारे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया था कि यह बोट ओमान के मस्कट से होते हुए यूरोप जाने वाली थी समुद्र उफान पर होने के कारण वोट टोइंग करने का काम नहीं करने आया। रास्ता भटक कर बोट इस तरफ आई थी। इस बारे में भारतीय कोस्ट गार्ड और संबंधित विभाग को जानकारी दी गई। उस बोट का नाम लेडी हार्न था।

## गर्लफ्रेंड के साथ रंगरलियां मनाने के लिए फ्लिपकार्ड कंपनी में चोरी

## 15 मोबाइल के साथ 3 गिरफ्तार



**मुंबई** : मुंबई एमएचबी पुलिस ने फ्लिप्कार्ड डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया है जो फ्लिप्कार्ड कंपनी में रखे महंगे मोबाइल को चुराकर बेचते थे, उसी पैसे से अपनी गर्लफ्रैंड के साथ मुंबई के बाहर जाकर रंगरलियां मानते थे. मुंबई और गुजरात से अबतक 15 मोबाइल को जब्त किया गया है जिसकी कीमत करीब साढ़े 6 लाख रुपये बताई जा रही है. इस मामले में पुलिस ने फ्लिप्कार्ड मैनेजर प्रणय धवल दूसरे साथी सागर राजगोर और भूषण गांगन को मुंबई के अलग अलग इलाके से गिरफ्तार किया है. यह आशीष मिजाज डिलीवरी बॉय मोबाइल बेंचकर आपस मे बांटकर माशूका के साथ क्लब में रंगरलियां मानते थे.

गौरतलब है कि फ्लिप्कार्ड कंपनी के मैनेजर ने एमएचबी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि फ्लिप्कार्ड कंपनी में मोबाइल का आर्डर कैंसिल होने पर जो मोबाइल वापस कंपनी में आता था. उसकी लगातार चोरी हो रही है अबतक दर्जनों मोबाइल गायब हुए है. शिकायत दर्ज करने के बाद एमएचबी पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई सुधीर कुराडकर के मार्गदर्शन में अपीआई सूर्या पवार,कांस्टेबल अर्जुन अहीर और टीम ने मिलकर जांच शुरू की. पुलिस ने फ्लिप्कार्ड कंपनी की सीसीटीवी फुटेज खंगाला जिसमे मैनेजर चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। जांच में यह पता चला कि कंपनी का मैनेजर और डिलीवरी बॉय ही मोबाइल चोर है.

### बदले की ऐसी सियासत कभी नहीं देखी

## संजय राउत बोले- मेरी गिरफ्तारी राजनीतिक थी...!

**मुंबई** : धनशोधन मामले में जेल से रिहाई के एक दिन बाद शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने गुरुवार को दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीतिक थी. इस तरह की 'बदले की भावना वाली सियासत' देश में पहले कभी नहीं देखी गई. मुंबई की एक विशेष अदालत ने बुधवार को राउत को जमानत देते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी 'अवैध' थी. उन्हें मुंबई की आर्थर रोड जेल से बुधवार को 100 दिन बाद रिहा किया गया. राकांपा उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की सहयोगी है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात करेंगे.



उन्होंने भविष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की भी बात कही, लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी.

उन्होंने कहा, ''मैं विनायक दामोदर सावरकर और बाल गंगाधर तिलक की तरह एकांत कारावास में था. मेरी गिरफ्तारी राजनीतिक थी लेकिन मैंने अच्छे उद्देश्य से समय बिताया. मेरी पार्टी मेरे परिवार और मुझे झेलना पड़ा. हमने सहा है. मेरे परिवार का बहुत नुकसान हुआ. जिंदगी में और राजनीति में यह होता है.'' उन्होंने कहा, देश ने कभी इस तरह की राजनीति नहीं देखी. हमारा देश 150 साल तक विदेशी शासन के अधीन रहा, लेकिन हमने देश में इस तरह का राजनीतिक प्रतिशोध नहीं देखा. यहां तक कि दुश्मनों के साथ भी अच्छा बर्ताव होता था. राउत ने दावा किया कि महाराष्ट्र को उप मुख्यमंत्री फडणवीस चला रहे हैं. एकनाथ-फडणवीस सरकार ने कुछ अच्छे फैसले लिए हैं. गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पात्रा चॉल पुनर्विकास परियोजना से संबंधित धनशोधन के एक मामले में राउत को गिरफ्तार किया था.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# युद्ध के समय नसीहत...!

युद्ध के समय भारतीय विदेश मंत्री की मास्को यात्रा के निहितार्थ गहरे हैं और इसके जो परिणाम अभी तक सामने आए हैं, वे बेहद उत्साहजनक हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मास्को में भारत के पक्ष को दोहराते हुए कहा है कि भारत संवाद की ओर वापसी की जरूरत को दृढ़ता से दोहराता है। जब अर्थव्यवस्थाओं पर मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, तब यह सुखद है कि विदेश मंत्री ने फिर से रूस को समझाया है। पिछले कुछ वर्षों में कोरोना महामारी, वित्तीय दबाव और व्यापार संबंधी कठिनाइयों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाला है। ऊपर से रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे सब झेल रहे हैं। गौर करने की बात है कि युद्ध के समय भी भारत और रूस विभिन्न स्तरों पर मजबूत और निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सितंबर में समरकंद में मुलाकात की थी और वहां भी प्रधानमंत्री ने समझाया था कि यह युद्ध का समय नहीं है। बहरहाल, रूस को दी गई नसीहत पर अमेरिका एक तरह से गदगद है। अमेरिकी प्रवक्ता ने यह तक कहा है कि रूस को भारत की नसीहत पर गौर करना चाहिए। हालांकि, युद्ध के खिलाफ कड़े कदम उठाने के साथ-साथ अमेरिका को भी संवाद-सुलह के बारे में सोचना चाहिए। केवल भारत की कोशिशों से युद्ध नहीं रुकने वाला। अभी दुनिया में कितने देश हैं, जो ऐसी कोशिश रूस के सामने मुखरता से कर रहे हैं?

जब भारत को युद्ध के समय रूस से सस्ते में तेल मिल रहा है, तब भी भारत अगर युद्ध की जल्द समाप्ति चाहता है, तो यह बात दुनिया के विकसित देशों को भी समझनी चाहिए। भारतीय नीति शुरू से ही गुटनिरपेक्षता या बहुध्रुवीय दुनिया की रही है, इसलिए भारत कभी नहीं चाहेगा कि किसी एक ध्रुव की विजय हो जाए और पराजित ध्रुव का मानमर्दन हो। अमेरिका के लिए भी यह युद्ध सबक होना चाहिए। बहुध्रुवीय दुनिया ही युद्ध रोकने में ज्यादा कारगर होगी। जो रूस आज खुले तौर पर लगभग अकेला पड़ गया है, वह भी बहुध्रुवीय दुनिया के महत्व को कहीं बेहतर समझ रहा होगा। विदेश मंत्री ने मास्को में बहुध्रुवीय दुनिया या संतुलित दुनिया की ओर बेहतर इशारा किया है। इस यात्रा से रूस-भारत संबंधों को भी निस्संदेह बल मिला होगा। इतिहास गवाह है, रूस को साथ रखना रणनीतिक रूप से भारत के लिए हमेशा उपयोगी रहा है।

अब चर्चा तेल की भी बहुत है कि भारत आखिर रूस से क्यों तेल ले रहा है? जयशंकर ने मास्को में कहा है कि भारत तेल लेना जारी रखेगा। अमेरिका चाहता है, सभी देश रूस पर अपनी निर्भरता कम करें, लेकिन वह भारत के अपने द्विपक्षीय हितों को भी स्वीकार करता है। अमेरिका को पता है कि विशाल आबादी वाले भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत ज्यादा हैं और किसी भी स्थिति में अमेरिका इतना तेल भारत को मुहैया नहीं करा सकता। ऐसे में, वह भारत को किसी से तेल लेने से कैसे रोक सकता है? यहां अमेरिका केवल निवेदन और नसीहत की मुद्रा में है। अमेरिका मानता है, यह रूस के साथ हमेशा की तरह व्यापार करने का समय नहीं है, लेकिन इस नसीहत पर दुनिया के कितने देश चल सकते हैं? भारत जैसे उदार देश के लिए इतना बहुत

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# राउत की गिरफ्तारी अवैध-अदालत

## पूछा- मुख्य आरोपी वधावन को क्यों बख्शा गया?



**मुंबई :** मुंबई की एक विशेष अदालत ने पात्रा चॉल पुनर्विकास से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शिवसेना सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी को बुधवार को अवैध और निशाना बनाने की कार्रवाई करार दिया तथा उनकी जमानत मंजूर कर ली। इसने यह भी सवाल किया कि मामले के मुख्य आरोपी एवं रियल एस्टेट फर्म एचडीआईएल के राकेश और सारंग वधावन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कभी गिरफ्तार क्यों नहीं किया। न्यायाधीश ने साथ ही यह भी कहा, ''इतना ही नहीं, एजेंसी द्वारा म्हाडा और अन्य सरकारी विभागों के संबंधित अधिकारियों को गिरफ्तार न करने का कारण ''कुछ नहीं, बल्कि तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री और (महाराष्ट्र के) तत्कालीन मुख्यमंत्री को एक संदेश देना था, जिससे उनके मन में एक भय पैदा हो सके कि वे इस कतार में अगले व्यक्ति हैं।

न्यायाधीश ने कहा, ''यह एक आश्चर्यजनक रूप से स्वीकार किया गया तथ्य है कि एचडीआईएल के मुख्य आरोपी राकेश और सारंग वधावन को ईडी द्वारा कभी गिरफ्तार नहीं किया गया था, जबकि उन्होंने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी। धनशोधन निवारण कानून से संबंधित मामलों के विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने संजय राउत और उनके सहयोगी प्रवीण राउत को जमानत दे दी। न्यायाधीश ने कहा, ''हालांकि, मौजूदा मामले में उनकी प्रमुख भूमिका को देखते हुए भी ईडी ने गिरफ्तार नहीं किया है, जिसकी वजह ईडी ही बेहतर बता सकता है।

अदालत ने कहा कि वधावन ने अपनी भूमिका स्वीकार भी की है। अदालत ने कहा, ''मूलतः आरोपों के लिए पीएमएलए की धारा 19 के तहत दोनों को गिरफ्तार करने का कोई कारण नहीं था और यह एक नागरिक विवाद के अलावा और कुछ नहीं है।

पीएमएलए की धारा 19 संबंधित सरकारी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की शक्ति प्रदान करती है। न्यायाधीश ने कहा कि वधावन और उनकी फर्म एचडीआईएल ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया था कि उनके गड़बड़ियों के कारण देरी हुई थी और उच्च न्यायालय ने इसे स्वीकार भी किया था और ईडी ने इस सब की अनदेखी की है।

अदालत ने कहा कि संजय राउत ने ईडी के सामने पेश होने के लिए समय मांगा था, लेकिन यह उन्हें गिरफ्तार करने का कारण नहीं हो सकता। न्यायाधीश ने कहा, ''इसलिए मेरा दृढ़ मत है कि पीएमएल अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक योग्यता के बिना दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी मूल रूप से अवैध है।

# चोरी के पैसों के बंटवारे को लेकर साथी की हत्या




**मुंबई :** देश में कोई भी शुभ काम करने से पहले लिए दही खिलाने का रिवाज है। लेकिन एक युवक ने अपने ही साथी दही खिलाकर यमलोक पहुंचा दिया। इसका खुलासा खुद आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में किया है। दरअसल मुंबई अमदाबाद हाइवे के किनारे रहनेवाले एक कातिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने जब हत्या का राज खोला तो पुलिसवाले भी चौंक गए।

इस कातिल ने चोरी के पैसों के बंटवारे को लेकर अपने ही साथी की हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने मृतक के सिर को दीवाल से दे मारा।

**पत्थर से मारकर की थी हत्या**

इस दौरान चोरी के पैसे बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में आरोपी ने पत्थर मारकर विक्रम की जान ले ली। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए उसका सिर दीवार से टकरा दिया, जिससे उसकी मौत दुर्घटना दिखाई दे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया।

सुबह वालिव पुलिस को हत्या की सूचना दी गई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वैष्ठलाश बर्वे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को शनिवार तक पुलिस हिरासत में भेजा है। फिलहाल आगे की जांच पुलिस निरीक्षक साबले कर रहे हैं।

# नीरव मोदी के हाथ लगी निराशा, ब्रिटेन की अदालत ने अपील को ठुकराया



**मुंबई :** भारत के भगोड़े हीरे के व्यापारी नीरव मोदी के हाथ निराशा लगी है। कल लंदन हाईकोर्ट ने उसकी अपील को ठुकरा दिया। इसके साथ ही अदालत ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि उसे भारत भेजा जाए, ताकि वो यहां पर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े आरोपों का सामना करे। बता दें कि नीरव मोदी दो अरब डॉलर वाले पंजाब नेशनल बैंक के कर्ज में धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी है। गौरतलब है कि नीरव मोदी इस समय यूके में है और यहां पर प्रत्यर्पण से जुड़ी प्रक्रियाओं से गुजर रहा है। मोदी १३,५०० करोड़ रुपए के धोखाधड़ी केस का आरोपी है। उस पर आरोप है कि जिन कंपनियों को वह नियंत्रित कर रहा था, उन कंपनियों की मदद से उसने बैंक को हजारों करोड़ों रुपयों का चूना लगाया है। अदालत ने कहा है कि अगर नीरव मोदी को वापस भारत भेजा जाता है तो ये उसके साथ न तो कोई अन्याय होगा और न ही यह कदम दमनकारी होगा। गौरतलब है कि यूरोपियन कनवेंशन ऑफ ‘मन राइट्स के आर्टिकल ३ के तहत मोदी के उस तर्क को सुना गया था, जिसमें उसने अपनी मानसिक स्थिति का हवाला दिया था। इसमें कहा गया था कि मानसिक स्थिति ठीक न होने की वजह से मोदी को प्रत्यर्पित करना उसके साथ नाइंसाफी होगा और साथ ही दमनकारी फैसला भी साबित होगा। इसके साथ ही प्रत्यर्पण कानून २००३ के सेक्शन ९१ के आधार पर भी यह फैसला दिया गया है, जो कि खराब मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। लॉर्ड जस्टिस जर्मी स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस रॉबट जे की तरफ से यह फैसला सुनाया गया है।



# अफजल खान के मकबरे के आसपास बने अवैध ढांचे ध्वस्त किए गए



**पुणे :** महाराष्ट्र में सतारा जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को बीजापुर के आदिल शाही वंश के सेनापति अफजल खान के मकबरे के आसपास सरकारी जमीन पर बने अनधिकृत ढांचों को ध्वस्त कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अफजल खान को महाराष्ट्र के सतारा जिले में प्रतापगढ़ किले के पास मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज ने मौत की नींद सुला दिया था। उसकी याद में वहां एक मकबरा बनाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच बृहस्पतिवार तड़के ढांचों को ध्वस्त करने की कवायद शुरू की गई जो कि अभी भी जारी है। सतारा के कलेक्टर रुचिश जयवंशी ने बताया, ''अफजल खान मकबरा परिसर के आसपास बने पक्के कमरों जैसे अवैध ढांचों को जिला प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है।''

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश और राज्य सरकार द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार की गई है। अधिकारी ने कहा, ''अनधिकृत ढांचा 15 से 20 गुंठा भूमि (एक गुंठा 1,089 वर्ग फुट के बराबर) पर फैला हुआ था।'' उन्होंने कहा कि जमीन का कुछ हिस्सा वन विभाग का है, जबकि कुछ हिस्सा राजस्व विभाग का है।

# मुर्गों की लड़ाई पर लाखों रुपये का सट्टा

## पुलिस ने रेड में पकड़े 34 लोग, ऐसे काम करता है ये गिरोह

**मुंबई :** मुंबई के नजदीक रायगढ़ जिले में देर रात एक फार्म हाउस में रायगढ़ पुलिस ने रेड की. रेड करने के बाद मुर्गों की लड़ाई पर सट्टा लगाने वालों पर कार्रवाई की गई. पुलिस ने 34 लोगों को गिरफ्तार किया, जो मुर्गों की लड़ाई पर लाखों रुपए का सट्टा लगा रहे थे. मुर्गों की लड़ाई के लिए विशेष मुर्गे मंगाए जाते हैं, जिन्हें ट्रेनिंग और दवाइयां देकर हिंसक बनाया जाता है.

मुंबई, पुणे, अलीबाग, दिल्ली के आए लड़कों का ग्रुप इन मुर्गों पर बोली लगाता है. मुर्गों की लड़ाई में एंट्री करने के लिए महज 5 हजार एंट्री फीस होती है. मुर्गों की लड़ाई में हार जीत का दांव दस हजार से दस लाख तक का लग रहा था. सोशल मीडिया के जरिए मुर्गा लड़ाई के शौकीनों को मुंबई, नवी मुंबई, पुणे, रायगढ़ से बुलाया गया था. मुर्गे के पैर में ब्लेड और चाकू बांधकर लड़ाई कराई जाती है. तेलंगाना और आंध्रप्रदेश



जैसे दक्षिण के राज्यों से खास मुर्गे मंगाए गए थे. खास ट्रेंड मुर्गों को लड़ाई के लिए शुरूआत से ही हिंसक बनाया जाता है.

रायगढ़ पुलिस ने बताया की मुंबई से लगभग 100 किलोमीटर दूर रात के समय घने जंगलों के बीच एक फार्म हाउस में इसका खास आयोजन किया गया था. इसमें शामिल होने के लिए बाकायदा एक सोशल मीडिया ग्रुप बनाया गया, जिसमें लगभग 150 लोग थे और सभी से पहले 5 हजार तक की एंट्री फीस तक वसूली गई. सैकड़ों रईसजादे सट्टा लगाने पहुंचे थे. पुलिस के मुताबिक, ये एक तरह का सट्टाबाजार है और ऐसी चीजों पर भारत में प्रतिबंध है. ऐसे में इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने कुल 4 टीम बनाई थी और फार्म हाउस को चारों तरफ से घेर कर फिर रेड की गई. फार्म हाउस की दीवार बेहद छोटी थी और बगल में घना जंगल था ऐसे में सैकड़ों लोग दीवार फांदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में भी कामयाब रहे, लेकिन 34 लोगों को पुलिसकर्मियों ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया. पुलिस को फार्महाउस के अंदर से 76 मुर्गे भी मिले.

लाइट के लिए हेलोजन लाइट्स और कुर्सी टेबल, घास वाली जमीन पर मुर्गों को लड़ाया जाता है. मुर्गों की ये लड़ाई तब तक चलती है, जब तक एक पक्ष के मुर्गे की जान नहीं चली जाती. इससे ये समझा जा सकता है कि इस तरह के सट्टे के खेल का क्रेज कितना होता है कि हर दांव में लाखों रुपए लगते हैं.

### खास तरह के मुर्गे करते हैं फाइट

**मुर्गा लड़ाई के शौकीनों की प्रतिष्ठा मुर्गे से जुड़ी होती है, इसलिए इन मुर्गों को खास तौर पर दक्षिण के राज्यों से मंगाया गया था. दक्षिण के राज्यों में कई ऐसी जगह हैं, जहां लोग इस तरह के खास मुर्गों को पालते हैं, क्योंकि ये आम मुर्गों की तरह नहीं होते, इनके स्वभाव को शुरूआत से ही हिंसक बनाया जाता है.**

# मुंबई / 4 लाख की चरस के साथ डिलीवरी बॉय गिरफ्तार...!



**भोपाल :** भोपाल की जहांगीराबाद पुलिस ने मुंबई के युवक को 400 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। वह मुंबई से चरस की खेप देने के लिए भोपाल आया था। पुलिस ने उसे जहांगीराबाद इलाके के डी-मार्ट के पास उस दौरान पकड़ा, जब वह ग्राहक को डिलीवरी देने के लिए उसका इंतजार कर रहा था। आरोपी ने बताया कि मुंबई के तस्कर ने चरस की खेप भोपाल पहुंचाने के लिए उसे 2 हजार रुपए दिए हैं। जहांगीराबाद थाना प्रभारी शाहबाज खान ने बताया कि सूचना मिली कि डी-मार्ट के पास एक लड़का पिट्ठू बैग में मुंबई से चरस लेकर आया है। उसे भोपाल में किसी को डिलीवरी देनी है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 400 ग्राम चरस मिली। पुलिस का कहना है कि जब्त चरस की कीमत करीब 4 लाख है। आरोपी की पहचान मुंबई निवासी सूरज छारी पिता स्व कल्याण छारी (32) के रूप में हुई है।

# महाराष्ट्र सरकार ने 92 प्राइमरी स्कूलों के अपग्रेडेशन को दी मंजूरी... EWS छात्रों को होगा फायदा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए स्व-वित्त मोड पर 92 प्राथमिक विद्यालयों को माध्यमिक शैक्षणिक संस्थानों में अपग्रेड करने के लिए मुंबई नागरिक निकाय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बृहन्मुंबई नगर निगम द्वारा संचालित शहर में 200 से अधिक माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 10 तक शिक्षा प्रदान करना) हैं।

**राज्य द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करना होगा**

इन नए स्कूलों के लिए राज्य




सरकार की मौजूदा नीति और मानदंड के अनुसार भौतिक और शैक्षणिक सहित सभी सुविधाओं के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में कमरे उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इन स्कूलों को समय-समय पर राज्य द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करना होगा।''

### अपग्रेड स्कूलों को वित्तीय सहायता या सब्सिडी नहीं मिलेगी

**जीआर ने कहा कि मौजूदा 92 प्राथमिक विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालयों में अपग्रेड करने की मांग समय-समय पर माता-पिता, स्कूल प्रबंधन समितियों, स्थानीय नगरसेवकों और विधायकों द्वारा की जाती थी। मांग मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के उद्देश्य से थी जो निजी स्कूलों की फीस वहन नहीं कर सकते थे। महाराष्ट्र स्व-वित्तपोषित स्कूल (स्थापना और विनियमन) अधिनियम के तहत, राज्य सरकार ने बुधवार को 92 प्राथमिक स्कूलों को इस शर्त के साथ अपग्रेड करने की अनुमति दी कि अपग्रेड किए गए स्कूलों को उनके कामकाज के लिए कोई वित्तीय सहायता या सब्सिडी नहीं मिलेगी।**

### प्राथमिक स्कूलों को अपग्रेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी...!

**बुधवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि महाराष्ट्र सरकार 2022-23 के नए शैक्षणिक वर्ष से माध्यमिक कक्षाओं को खोलने के लिए बीएमसी के 92 प्राथमिक स्कूलों को अपग्रेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे रही है। इसमें कहा गया है कि विभिन्न निर्वाचित प्रतिनिधियों से मौजूदा प्राथमिक विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालयों में अपग्रेड करने की मांग की गई है। सभी बीएमसी स्कूल महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हैं, जिसका मुख्यालय पुणे में है।**


# बीमार बच्ची की एंबुलेंस में गला घोंटकर हत्या... निर्दयी मां गिरफ्तार

**अकोला जिले के तेलहारा में एक चौंकाने वाली घटना हुई है जहां उसकी बीमार बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी गई, जब उसे एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाया जा रहा था।**



**अकोला :** अकोला जिले के तेलहारा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है जहां अस्पताल ले जाते समय एक बीमार बच्ची की एंबुलेंस में गला घोंटकर हत्या कर दी गयी. कोर्ट ने आरोपी महिला को दो दिन की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है. यह घटना सोमवार (7 तारीख) को सामने आई। आरोपी मां का नाम लक्ष्मी गजानन भाडे है। मृत लड़की का नाम श्रेया गजानन भाडे है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, तेलहरा थाना अंतर्गत वाडी आदमपुर की श्रेया गजानन भाडे की तबीयत ठीक नहीं थी और उन्हें सोमवार (7 तारीख) को लक्ष्मी गजानन भाडे और उनके चाचा सौरव बरिंगे द्वारा सरकारी ग्रामीण अस्पताल तेलहरा लाया गया. चिकित्सा अधिकारियों ने उसकी जांच की और उसे आगे के इलाज के लिए सरकारी जिला सामान्य अस्पताल, अकोला ले जाने के लिए कहा।

हालांकि, एंबुलेंस में अस्पताल जाते समय उसकी मां ने उसका गला घोंट दिया। इस बीच जब वह अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि शक के आधार पर बच्ची का पोस्टमॉर्टम किया गया। पता चला कि उसकी हत्या की गई है। इस वजह से पुलिस ने लक्ष्मी भाडे के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. मंगलवार को पुलिस ने आरोपी महिला को तेलहरा कोर्ट में पेश किया और जज ने उसे पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया.



# ठाणे में युवती को लेकर दो युवकों में विवाद

## एक ने दूसरे को उतारा मौत के घाट, जानें पूरा माजरा...!

**महाराष्ट्र :** आये दिन महाराष्ट्र में अपराध दर बढ़ रहा है। जैसा की हम देखते है कि अपराध करने के तरीके भी दिन-ब-दिन क्रूर होते जा रहे हैं। लव अफेयर्स के चलते गंभीर अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है। जी हां आपको बता दें कि महाराष्ट्र के भिवंडी में हत्या का मामला इस समय चर्चा में है। प्रेमिका की वजह से एक युवक ने बेहद घिनौने और वीभत्स तरीके से एक शख्स की हत्या कर दी है। एक युवक ने गुस्से में आकर अपने फ्रेंड का प्राइवेट पार्ट काटकर उसके मुंह में भर लिया और फिर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। आइए जानते है पूरा माजरा क्या है।

### प्राइवेट पार्ट काटा और फिर...!

**दरअसल शमीम की एक हरकत से असलम बेहद परेशान हो गया था। तो असलम ने शमीम का प्राइवेट पार्ट काट कर उसके मुंह में डाल दिया। इस जघन्य कृत्य को करने के बाद भी वह संतुष्ट नहीं हुआ। इसलिए उसने शमीम की चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस घटना के बाद आरोपी असलम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है, आगे की जांच पुलिस कर रही है।**




**प्यार में दोस्त की हत्या**

आपको बता दें कि यह घटना इतनी क्रूरता से भरी कि इस हत्या से पुलिस भी सदमे में है। मिली जानकारी के मुताबिक अब इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। देखने में आ रहा है कि प्रेम प्रसंग के चलते यह हत्या की गई है। ठाणे जिले के भिवंडी के 21 वर्षीय युवक असलम अंसारी ने प्रेम प्रसंग को लेकर अपने दोस्त और होटल मालिक शमीम अंसारी की हत्या कर दी। फिलहाल इस खौफनाक खबर के बारे में सुनकर हर कोई दंग है।

**इस वजह से की हत्या**


पुलिस के मुताबिक आरोपी असलम ने इस घटना को अंजाम देने से पहले शमीम से अनुरोध किया था, तुम्हारी चार-पांच गर्लफ्रेंड है, प्लीज मेरी गर्लफ्रेंड को छोड़ दो लेकिन शमीम सुनने को तैयार नहीं था। फिर असलम ने गुस्से में शमीम का प्राइवेट पार्ट काट कर उसके मुंह में डाल दिया। इसके बाद उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस बीच असलम ने पुलिस को बताया, मृतक शमीम अंसारी मेरे बचपन के दोस्त थे। उनकी कई गर्लफ्रेंड थीं। हालांकि शमीम मेरी गर्लफ्रेंड के साथ इंटीमेट होने लगा।

### पहले भी दी थी चेतावनी!

**शमीम ने एक बार मुझसे कहा था, मैं तुम्हारी प्रेमिका को पसंद करने लगा हूं। उसके बाद हम दोनों में जोरदार लड़ाई हुई। मैंने शमीम को धमकी भी दी थी कि अगर तुमने अपनी हरकत नहीं रोकी तो अंजाम बुरा होगा। उसके बाद भी शमीम नहीं सुधरे। तो मैंने उसे मार डाला। इस जघन्य हत्याकांड को देख पुलिस भी हैरान है। इस मुद्दे पर जोरदार चर्चा हो रही है। फिलहाल इस मामले से इलाके में सनसनी मची हुई है।**

# मुंबई में वायु गुणवत्ता में गिरावट दर्ज...!

## मलाड की हवा 'सबसे ज्यादा खराब'



**मुंबई :** मुंबई की वायु गुणवत्ता बुधवार को खराब श्रेणी में दर्ज की गई. पिछले दो हफ्ते से ये मध्यम श्रेणी में बनी हुई थी. विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम की मौजूदा स्थिति मुंबई के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट के लिए जिम्मेदार है. सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी फोरकास्ट एंड रिसर्च से मिली एक्यूआई रीडिंग के मुताबिक बुधवार दोपहर मुंबई का एक्यूआई 215 था, जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा जाता है. वहीं पिछले हफ्ते मुंबई का एक्यूआई मध्यम श्रेणी में था और इससे पहले 6 नवंबर को शहर का एक्यूआई 128 था. जिसे मध्यम श्रेणी में ही रखा जाता है.

**मलाड की हवा सबसे ज्यादा खराब**

एक्यूआई मॉनिटरिंग चार्ट के अनुसार, 0-50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51-100 के बीच को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब माना जाता है. 400 के बाद एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है. बुधवार को मलाड का एक्यूआई 276 (सबसे खराब) दर्ज किया गया. इसके बाद मझगांव में 242 और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में 235 दर्ज किया गया. इस दौरान चेंबूर का एक्यूआई 228 था. वहीं कोलाबा में ये 218 था. अंधेरी और बोरीवली दोनों की एक्यूआई रीडिंग 208 थी. वहीं भांडुप में सबसे अच्छा एक्यूआई 90 दर्ज किया गया. इसके बाद वर्ली जहां एक्यूआई 104 दर्ज किया गया.

**मौसम की मौजूदा स्थिति के चलते एक्यूआई में गिरावट**

विशेषज्ञों ने मुंबई के एक्यूआई में गिरावट के लिए मौजूदा मौसम की स्थिति को जिम्मेदार माना है. सफर के वरिष्ठ वैज्ञानिक और संस्थापक परियोजना के निदेशक डॉ गुफरान बेग ने कहा भारत के उत्तरी भाग में पश्चिमी हवाओं में हल्के दबाव के बाद, पश्चिमी भारत में एक मंद मौसम की स्थिति हुई है. जिसके कारण हवा की गति बहुत धीमी हो गई है. इसके चलते पार्टिकुलेट मैटर लंबे समय तक वातावरण में फंसा रहते हैं. यही एक्यूआई को प्रभावित कर रहा है.

## 13 साल की बच्ची के पेट से निकला

# 1.2 किग्रा वजनी बालों का गुच्छा

**मुंबई : महाराष्ट्र के पालघर जिले में बसे शहर वसई के एक निजी अस्पताल में 13 साल की एक बच्ची के पेट से 1.2 किलोग्राम वजनी बालों का एक गुच्छा निकला है। मंगलवार को डॉक्टरों की यह सर्जरी करीब एक घंटे तक चली। दरअसल, बच्ची पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खा या पी नहीं पा रही थी इसलिए उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**



**बच्ची को है बाल खाने, नाखून चबाने की आदत**

बच्ची का सर्जरी करने वाले डॉ जोसेफ डिसूजा ने कहा, 'बच्ची के पेट की जांच के बाद सामने आई सोनोग्राफी की रिपोर्ट से सच्चाई का पता चला। मैंने बच्ची के माता-पिता से बात की, तो उन्होंने बताया कि बच्ची को पिछले सात-आठ सालों से अपने बाल खाने और नाखून चबाने की आदत है।

इसे रॅपन्जेल सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है।' मिली जानकारी के मुताबिक डॉ डिसूजा ने बताया, 'लगभग डेढ़ घंटे के ऑपरेशन के बाद हम बच्ची के पेट से बालों के गुच्छे को निकालने में कामयाब रहे, जो 32 इंच लंबा, 13 इंच चौड़ा है और 1.2 किलो वजनी था। इस गुच्छे में भोजन के टुकड़े वगैरह मिले हुए थे।'

### सोनोग्राफी रिपोर्ट में हुआ सच्चाई का खुलासा

**डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची रॅपन्जेल सिंड्रोम से ग्रस्त है, जिसमें इंसान को अपने बाल खाने की आदत होती है। बच्ची के माता-पिता ने सबसे पहले उसका एक प्राइवेट क्लीनिक में इलाज कराया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं आया। कुछ खाने के बाद ही वह तुरंत उल्टी कर देती थी। बच्ची की बिगड़ती हालत को देखते घरवाले उसे वसई वेस्ट में स्थित डिसूजा अस्पताल में लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने पहले उसका सोनोग्राफी कराया। रिपोर्ट में पता चला कि उसकी छोटी आंत में बाल के गुच्छे जमा हो गए हैं।**


मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com